आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

# दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 173 | उज्जैन, शुक्रवार 16 मई 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

## लाड़ली बहना योजना के दो साल हुए पूरे, अब तक मिला 28 हजार करोड़ रूपए से अधिक का लाभ

### बहनों के लिए राज्य सरकार के द्वार सदैव हैं खुले-मुख्यमंत्री

भोपाल ।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश के गरीब, किसान (अन्नदाता), युवा और नारी कल्याण के लिए संकल्पित है। भगवान श्रीराम की संस्कृति को मानते हुए सरकार अपने सभी वचन (संकल्प) पूर्ण कर रही है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के दो साल पूरे हो गये है। गुरूवार को प्रदेश की सवा करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों को योजना की 24वीं किश्त जारी की गई है। हर महीने बहनों को 1250 रुपए राशि भेजकर हर माह रक्षाबंधन मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने



कहा कि हमारे देश में नारियों के सम्मान की परम्परा अनादि काल से है। हमने जो वादा बहनों से किया था उसे लगातार निभा रहें है। हम भगवान श्रीराम की संस्कृति को मानने वाले हैं जो वचन देते हैं उसे प्राण देकर भी निभाते हैं। लाड़ली बहना को सम्मान देकर पूरा प्रदेश गौरवान्वित होता है। प्रदेश की लाड़ली बहनों को अब तक 28 हजार करोड़ से अधिक का लाभ मिल चुका है। सरकार के द्वार बहनों के लिए सदैव खुले हैं। उन्होंने कहा कि बहन-बेटियों के खातों में पैसे पहुंचते हैं तो घर में लक्ष्मी बनी रहती है। भारत में पारिवारिक संस्कृति ऐसी है कि एक मां अपने हिस्से का भोजन बेटे को कराकर खुश होती है। भारत दुनिया का इकलौता ऐसा देश है, जहां भारत भूमि की पूजा मां के रूप में की जाती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को सीधी में विभिन्न योजनाओं के हितलाभ वितरण के साथ विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमि-पूजन समारोह को संबोधित करते हुए यह विचार व्यक्त किए।

## क्या IAEA लगाएगा पाकिस्तान की परमाणु शक्ति पर पावर ब्रेक? श्रीनगर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की बड़ी मांग



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने श्रीनगर का दौरा किया। पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद उन्होंने घाटी पहुंचकर सेना के जवानों का हौसला बढ़ाया। इस दौरान पड़ोसी देश पाकिस्तान को कड़े लहजे में चेतावनी भी दे डाली।

राजनाथ ने कहा, 35-40 सालों से भारत सरहद पार से चलाए जा रहे आतंकवाद का सामना कर रहा है। आज भारत ने पूरी दुनिया के सामने स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद के खिलाफ हम किसी भी हद तक जा सकते हैं। पहलगाम में आतंकवादी घटना को अंजाम देकर भारत के माथे पर चोट पहुंचाने का काम किया।

उन्होंने भारत के माथे पर वार किया, हमने उनकी छाती पर घाव दिए हैं। पाकिस्तान के जख्मों का इलाज इसी बात में है कि वह भारत विरोधी और आतंकवादी संगठनों को पनाह देना बंद करे, अपनी जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ न होने दे।

आतंकी खुद को सुरक्षित ना समझे- ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी ने पाकिस्तान में छिपे आतंकी संगठनों और उनके आकाओं को भी यह साफ-साफ बता दिया है कि वो कहीं भी अपने आप को महफूज और सुरक्षित न समझें। अब वे भारतीय सेनाओं के निशाने पर हैं।

## भारत ने ड्रोन और अफवाहों के खिलाफ सफलतापूर्वक लड़ी जंग, डिजिटल घुसपैठ को साइबर योद्धाओं ने किया नाकाम



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान से चार दिनों तक चले सैन्य टकराव के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तानी ड्रोनों के झुंडों को नाकाम किया और साइबर योद्धाओं ने डिजिटल घुसपैठ का सफलतापूर्वक मुकाबला किया।

सात मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी शिविरों को नष्ट करने से पहले कई भारतीय वेबसाइटें साइबर हमलों का शिकार बनीं। पहलगाम हमले के बाद जालंधर स्थित आर्मी नर्सिंग कॉलेज की वेबसाइट को हैक किया गया।

भारतीय सशस्त्र बलों के खिलाफ गलत अभियान चलाया गया- हाल ही में, चार आर्मी पब्लिक स्कूलों को भी हैकर्स ने निशाना बनाया। इसके साथ ही भारत और भारतीय सशस्त्र बलों के खिलाफ इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर गलत सूचनाओं का अभियान चलाया गया।

भारतीय वायुसेना के एयर आपरेशंस के महानिदेशक, एयर मार्शल एके भारती ने बताया कि आठ मई को कई पाकिस्तानी ड्रोन ने भारतीय ठिकानों पर हमला करने का प्रयास किया लेकिन सभी हमलों को नाकाम कर दिया गया।

## PoK पर तीसरे देश का दखल मंजूर नहीं; जयशंकर ने चीन को भी लताड़ा, बोले- सैटलाइट तस्वीरें बता रही सच्चाई



नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में TRF आतंकी संगठन के खिलाफ सबूत पेश करने का फैसला किया है। भारत की मांग है कि इस आतंकी संगठन पर बैन लगाया जाए।

TRF पर बैन लगाने के मामले पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, इस मामले पर वास्तव में भारत को अंतराष्ट्रीय समर्थन मिल रहा है। संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों ने साफ तौर पर कहा है पहलगाम हमले के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले।

वहीं, विदेश मंत्री ने पाकिस्तान और भारत के बीच बातचीत पर कहा कि शुरुआत से ही हमारे देश की नीति रही है कि पाकिस्तान से किसी भी मुद्दे पर द्विपक्षीय तरीके से ही बातचीत होगी।

ऑपरेशन सिंदूर पर जयशंकर ने कहा, हमने आतंकवादी ढांचे को नष्ट किया। हमने पाकिस्तान को अगाह किया था कि हम आतंकवादी ढांचे पर हमला करने जा रहे हैं, न कि सेना पर और सेना के पास यह विकल्प है कि वह इस ऑपरेशन में हस्तक्षेप न करे। उन्होंने इस सलाह को न मानने का फैसला किया। पाकिस्तान ने भारत पर हमले किया। इसके बाद भारत ने जवाबी कार्रवाई की। सैटेलाइट तस्वीरों से पता चलता है कि हमने पाकिस्तान का कितना नुकसान किया और उन्होंने कितना कम नुकसान किया।

सीजफायर को लेकर जयशंकर ने पाकिस्तान की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह स्पष्ट है कि कौन गोलीबारी बंद करना चाहता था।

पहलगाम हमले के बाद भारत ने सिंधु जल समझौते को भी स्थगित कर दिया है। इस मामले पर विदेश मंत्री ने कहा, सिंधु जल संधि स्थगित है और तब तक स्थगित रहेगी जब तक पाकिस्तान द्वारा सीमा पार आतंकवाद को विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से नहीं रोका जाता।

## कैबिनेट बैठक में 6 प्रस्ताव को अनुमोदन, उच्च शिक्षा में पिछड़ा वर्ग को मिलेगा 11.25 प्रतिशत आरक्षण



नई दिल्ली (एजेंसी)। राज्य सरकार ने एक ऐतिहासिक निर्णय के तहत उच्च शिक्षा के लिए रहने वाले विभिन्न पाठ्यक्रम में नाम लिखाने के लिए सामाजिक एवं आर्थिक तौर पर पिछड़े वर्ग (एसईबीसी) के छात्र-छात्राओं को 11.25 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए निर्णय लिया है।

इसे इसी शिक्षा वर्ष 2025-26 से राज्य के सभी सरकारी विश्व विद्यालय, सरकारी एवं अनुदानप्राप्त उच्च शिक्षानुष्ठान लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की अध्यक्षता हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में उक्त प्रस्ताव के साथ 6 प्रस्ताव को अनुमोदन मिला है।

कैबिनेट बैठक के बाद आयोजित एक पत्रकार सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री माझी ने कहा कि यह आरक्षण व्यवस्था उच्च शिक्षा विभाग अधीन रहने वाले स्नातक, स्नातकोत्तर, शिक्षक शिक्षा एवं कानून पाठ्यक्रम, विद्यालय एवं जनशिक्षा विभाग के उच्च माध्यमिक (प्लस दो), शिक्षक शिक्षा तथा रोजगार आधारित पाठ्यक्रम, खेल एवं युवा सेवा विभाग के बीपीएड, एमपीएड पाठ्यक्रम में लागू होगा। सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग को सामाजिक न्याय देने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दृष्टिकोण के साथ समन्वय रखकर यह कदम उपेक्षित एवं पिछड़े संप्रदाय में शिक्षा की उपलब्धता को बढ़ाएगा।

## महाराजगंज में तीन मंजिला बिल्डिंग में लगी आग, मौके पर पहुंची दमकलकर्मियों की टीम



नई दिल्ली (एजेंसी)। तेलंगाना में हैदराबाद के महाराजगंज बेगम बाजार से तीन मंजिला इमारत में भीषण आग लगने की खबर सामने आई है। आग बुझाने के लिए अग्निशमन अभियान जारी है।

अग्निशमन कर्मियों ने एक महिला को बचाया है। इस मामले में एक अग्निशमन अधिकारी ने कहा, अभी तक हम आग लगने का कारण नहीं बता सकते। हमें संदेह है कि यह शॉर्ट सर्किट हो सकता है। यह आग इमारत की पहली मंजिल पर लगी थी। अग्निशमन अधिकारी ने आगे कहा, यह एक G+3 मंजिल की इमारत है।

## तुर्की को सबक सिखाने की तैयारी में भारत, कश्मीर से लेकर दिल्ली तक फैले समझौतों की होगी समीक्षा



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और तुर्की के बीच वर्षों से चल रहे व्यापारिक और रणनीतिक संबंध अब एक नई दिशा की ओर बढ़ते दिख रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद केंद्र सरकार ने तुर्की की कंपनियों से जुड़े सभी समझौते और परियोजनाओं की समीक्षा शुरू कर दी है। भारत में निर्माण, मैन्युफैक्चरिंग, एविएशन, मेट्रो रेल और आईटी जैसे क्षेत्रों में सक्रिय तुर्की की कंपनियों की भूमिका को दोबारा परखा जा रहा है। यह कदम तुर्की के कश्मीर मुद्दे पर बार-बार टिप्पणी और पाकिस्तान के साथ उसकी बढ़ती निकटता के मद्देनजर उठाया गया है।

भारत ब्रांड इक्विटी फाउंडेशन की फरवरी 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में भारत-तुर्की के बीच द्विपक्षीय व्यापार 10.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। वहीं, अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 तक भारत में तुर्की से कुल 240.18 मिलियन अमेरिकी डॉलर का एफडीआई आया है, जिससे तुर्की एफडीआई इक्विटी फ्लो में 45वें स्थान पर रहा।

इन निवेशों का विस्तार गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और दिल्ली जैसे राज्यों तक है। मेट्रो रेल, सुरंग निर्माण, और एयरपोर्ट सेवाओं से लेकर शिक्षा, मीडिया और सांस्कृतिक सहयोग जैसे क्षेत्रों में कई समझौते और साझेदारियां की गई थीं। उदाहरण के तौर पर, 2020 में अटल टनल के इलेक्ट्रोमैकेनिकल हिस्से का कार्य एक तुर्की कंपनी को सौंपा गया था, जबकि 2024 में रेलवे विकास निगम लिमिटेड ने मेट्रो परियोजना के लिए एक तुर्की कंपनी के साथ समझौता किया।

लेकिन ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद की घटनाओं ने भारत सरकार को एक निर्णायक मोड़ पर ला खड़ा किया है। तुर्की ने न केवल पाकिस्तान को सैन्य ड्रोन उपलब्ध कराए, बल्कि यह भी सामने आया कि तुर्की के ऑपरेटरों ने पाकिस्तान की सैन्य कार्रवाइयों में सहायता की। यह प्रमुख वजह है कि अब सभी तुर्की कंपनियों से जुड़े प्रोजेक्ट्स की गहन समीक्षा की जा रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, ÷सरकार सभी तुर्की परियोजनाओं और समझौतों को फिर से जांच रही है, भले ही वे समाप्त हो चुके हों। हर सौदे और परियोजना का पूरा डेटा इकट्ठा किया जा रहा है।

# पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरत, अहमदिया समुदाय के 100 कब्रों को किया गया अपवित्र



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में अल्पसंख्यक अहमदिया समुदाय की करीब 100 कब्रों को तोड़कर अपवित्र किया गया है। इस ताजा घटना के बाद देशभर में इस साल अहमदिया समुदाय की अपवित्र की गई कब्रों की संख्या 250 से अधिक हो गई है।

जमात-ए-अहमदिया पाकिस्तान के प्रवक्ता आमिर महमूद ने बताया कि कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान पर दो दिन पहले लाहौर से करीब 250 किलोमीटर दूर खुशाब जिले में अहमदिया समुदाय की कब्रों के पत्थरों को तोड़ने का संदेह है।

खुशाब जिले के मिथा तुवाना पुलिस स्टेशन ने स्थानीय अहमदियों की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है। महमूद ने कहा, यह उल्लेखनीय है कि तहरीक-ए-लब्बैक से जुड़े कुछ लोग स्थानीय अहमदिया निवासियों के खिलाफ नफरत फैलाने और हिंसा भड़काने में शामिल थे।

उन्होंने कुछ पुलिस अधिकारियों पर स्थानीय अहमदिया लोगों पर कुछ समय के लिए इन कब्रों को खुद ही गिराने का दबाव बनाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, हालांकि, अहमदिया समुदाय ने स्थानीय अधिकारियों को स्पष्ट रूप से सूचित किया कि वे ऐसा नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि स्थानीय अहमदिया निवासियों ने दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के लिए जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) खुशाब को एक आवेदन दिया है।

इस साल कितने कब्रों को पहुंचाया गया नुकसान- महमूद ने कहा कि इस साल अकेले पाकिस्तान के 11 अलग-अलग शहरों में 269 अहमदी कब्रों को अपवित्र किया गया है। उन्होंने कहा, पिछले साल 21 अलग-अलग इलाकों में 319 अहमदी कब्रों को अपवित्र किया गया था। इस तरह की जघन्य हरकतें पाकिस्तान को बदनाम कर रही हैं। महमूद ने कहा, यह अफसोस की बात है कि अहमदी कब्रों को अपवित्र करने की दर्जनों घटनाओं के बावजूद संबंधित अधिकारी पीड़ितों को न्याय दिलाने में विफल रहे हैं।

# पाकिस्तान दुम दबाकर भाग गया और सीजफायर की भीख मांगने लगा, अमेरिका के पूर्व रक्षा अधिकारी ने PAK की खोली पोल

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत द्वारा आतंकियों पर किए गए ऑपरेशन सिंदूर का लोहा पूरी दुनिया मान रहा है और हर कोई भारतीय वायु सेना की तारीफ कर रहा है। इस बीच अमेरिका के पूर्व पेंटागन अधिकारी और अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ फेलो माइकल रुबिन ने भी इस मामले पर प्रतिक्रिया दी है।




रुबिन ने कहा है कि भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई कार्रवाई के बाद पाकिस्तान को कूटनीतिक और सैन्य मोर्चे पर करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा है। एएनआई को दिए इंटरव्यू में उन्होंने भारत की सैन्य कार्रवाई की जमकर प्रशंसा की है।पूर्व पेंटागन अधिकारी ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने जिस तरीके से त्वरित और सटीक कार्रवाई आतंकियों पर की है, उसने सबका ध्यान पाकिस्तान के आतंकी नेटवर्क की ओर मोड़ दिया है और पाकिस्तान के झूठ को एक बार फिर दुनिया के सामने लाकर रख दिया है।

भारत की हुई निर्णायक जीत- रुबिन - माइकल रुबिन ने कहा, भारत ने इस टकराव में सैन्य और कूटनीतिक दोनों ही क्षेत्रों में पाकिस्तान को परास्त किया है और पछाड़ दिया है। उन्होंने बताया कि भारत ने 7 मई को आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाकर ताबड़तोड़ कार्रवाई की और पाकिस्तान और पीओके में स्थित आतंकियों के 9 ठिकानों को ध्वस्त कर दिया।

रुबिन ने कहा, इसके बाद पाकिस्तान ने भी जवाबी कार्रवाई करने की कोशिश की, लेकिन भारत ने न केवल उसका जवाब दिया, बल्कि कई पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों और एयरबेस को भी निशाना बनाया।

## रूस-यूक्रेन के बीच होगा सीजफायर?



नई दिल्ली (एजेंसी)। दुनिया की निगाह आज होने वाली रूस-यूक्रेन वार्ता पर हैं क्योंकि तुर्किए में रूस और यूक्रेन के बीच पिछले तीन साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से वार्ता होने जा रही है। टास की रिपोर्ट के मुताबिक इस वार्ता से पुतिन दूर रहेंगे। वहीं, रूस-यूक्रेन वार्ता के लिए प्रतिनिधिमंडल की घोषणा की जा चुकी है।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उन अधिकारियों के नामों की घोषणा की है जो आज तुर्किए में होने वाली यूक्रेन के साथ नए सिरे से वार्ता में रूस का प्रतिनिधित्व करेंगे। क्रेमलिन के सहयोगी व्लादिमीर मेडिंस्की रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे, जिसमें उप विदेश मंत्री मिखाइल गालुजिन, उप रक्षा मंत्री अलेक्जेंडर फोमिन और इगोर कोस्ट्युकोव शामिल होंगे, जो रूसी सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के मुख्य निदेशालय के प्रमुख हैं।

वार्ता में ये लोग भी रहेंगे मौजूद - पुतिन ने वार्ता का समर्थन करने के लिए विशेषज्ञों के एक समूह को भी नामित किया है। इनमें जनरल स्टाफ के सूचना विभाग के प्रथम उप प्रमुख अलेक्जेंडर जोरिन, मानवीय नीति के लिए राष्ट्रपति निदेशालय की उप प्रमुख येलेना पोडोब्रेयेव्स्काया, विदेश मंत्रालय में दूसरे सीआईएस विभाग के निदेशक एलेक्सी पोलिशचुक और रक्षा मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय सैन्य सहयोग निदेशालय के उप प्रमुख विक्टर शेवत्सोव शामिल हैं।

## 4 दिन के संघर्ष में ही पाक का निकला दम, अमेरिकी अखबारों ने खोली पोल; तबाही के सबूत भी दिए




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने हाल ही में चार दिनों तक पाकिस्तान से चले टकराव के दौरान पाकिस्तान की सैन्य सुविधाओं और हवाई अड्डों को निशाना बनाया था, जिसमें भारत को साफ बढ़त मिली है। इसका खुलासा न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में हुआ है।

रिपोर्ट के अनुसार, हमलों के पहले और बाद की हाई-रिजॉल्यूशन सैटेलाइट इमेज में भारतीय हमलों से पाकिस्तान के एयरबेस को स्पष्ट नुकसान पहुंचा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच का यह संघर्ष बीते पचास वर्षों में सबसे ज्यादा बड़ा था और दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर मिसाइलों का प्रयोग किया है।

रिपोर्ट के अनुसार, सैटेलाइट इमेज से पता चलता है कि हमले व्यापक थे, लेकिन नुकसान दावे से कहीं अधिक सीमित था और इन हमलों में पाकिस्तान को ज्यादा नुकसान पहुंचा है।

इसमें कहा गया है कि भले ही दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर नुकसान पहुंचाने का दावा किया है, लेकिन सैटेलाइट इमेज से साफ पता चलता है कि भारत ने सटीक टारगेट पर निशाना साधा है।

# कनाडा में नई सरकार बनते ही जनता को तोहफा, इनकम टैक्स में 14 फीसदी कटौती का एलान

नई दिल्ली (एजेंसी)। कनाडा की नई सरकार ने देश के मध्यम वर्ग के लिए राहत का एलान किया है। कनाडा के नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने नए मंत्रिमंडल के गठन के बाद इनकम टैक्स कटौती का एलान किया है। मिडिल क्लास के लिए टैक्स की दर घटाकर, जुलाई 2025 से 15 फीसदी से घटकर 14त्न कर दी जाएगी।



इस फैसले से लगभग 22 मिलियन कनाडाई लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद है। सरकारी अनुमानों के अनुसार, दो आय वाले परिवार 2026 तक सालाना 840 अमेरिकी डॉलर तक बचा सकते हैं।

1 जुलाई से लागू होगा नियम - एक प्रेस विज्ञप्ति में, कनाडा के वित्त विभाग ने कहा, वित्त और राष्ट्रीय राजस्व मंत्री, फ्रेंकोइस-फिलिप शैम्पेन ने आज संसद के नए सत्र के लिए सरकार के विधायी एजेंडे पर काम के पहले आदेशों में से एक एलान किया है।


वित्त और राष्ट्रीय राजस्व मंत्री ने आगे कहा, एक बार कानून बन जाने के बाद, सबसे कम व्यक्तिगत आयकर दर को 15 प्रतिशत से घटाकर 14 प्रतिशत कर दिया जाएगा, जो 1 जुलाई, 2025 से प्रभावी होगी।

कनाडाई लोगों को क्या मिलेगा फायदा- इस कर कटौती से मेहनती कनाडाई लोगों को अपने वेतन का ज्यादा हिस्सा रखने में मदद मिलेगी, ताकि वे अपनी जरूरतों के हिसाब से खर्च कर सकें। इस फैसले से 2025-26 से शुरू होने वाले पांच सालों में कनाडाई लोगों को 27 बिलियन अमेरिकी डॉलर से ज्यादा कर बचत होने की उम्मीद है।

# लाइव स्ट्रीम के दौरान टिकटॉक इंफ्लूएंसर की हत्या, ब्यूटी सैलून में घुसा हत्यारा और फिर...

नई दिल्ली (एजेंसी)। मेक्सिको से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। मेक्सिको में टिकटॉक पर लाइव-स्ट्रीमिंग के दौरान एक सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। स्थानीय पुलिस ने इस मामले की जानकारी दी है।

स्थानीय पुलिस ने बताया है कि 23 साल की वेलेरिया मार्केज की एक व्यक्ति ने हत्या कर दी है। मेक्सिको के जलिस्को के गुआडालाजारा शहर में हत्यारा गिफ्ट देने के बहाने उसके ब्यूटी सैलून में घुस गया और फिर उस पर गोली चला दी।



टेबल पर बैठी दिखी इनफ्लुएंसर- घटना के समय मार्केज अपने ब्लॉसम द ब्यूटी लाउंज सैलून से लाइवस्ट्रीम कर रही थीं, जिसकी एक क्लिप ऋक्क में ङ्क की तरफ से शेयर की गई थी। फुटेज में, टिकटॉकर को एक टेबल पर बैठे हुए, एक खिलौना पकड़े हुए और अपने फ़ॉलोअर्स से बात करते हुए देखा गया। घटना से कुछ सेकंड पहले, उन्हें यह कहते हुए सुना गया, वे आ रहे हैं। इससे पहले कि बैकग्राउंड में एक आवाज ने पूछा, अरे, वेले?

हां, मार्केज ने लाइव स्ट्रीम पर आवाज बंद करने से ठीक पहले जवाब दिया। कुछ समय बाद, बैकग्राउंड में शॉट्स सुनाई देते हैं, जब मार्केज टेबल पर गिरने से पहले अपनी पसलियों को पकड़ती हैं। एक व्यक्ति उनका फोन उठाता हुआ दिखाई देता है, जिसका चेहरा वीडियो समाप्त होने से पहले लाइवस्ट्रीम पर कुछ देर के लिए दिखाई देता है।

# अमेरिका बजट का बड़ा हिस्सा युद्ध पर खर्च करता है... यह शर्मनाक है, बेन एंड जेरी के को-फाउंडर ने उठाए सवाल; हुए गिरफ्तार

नई दिल्ली (एजेंसी)। बेन एंड जेरी आइसक्रीम कंपनी के सह-संस्थापक और लंबे समय से एक्टिविस्ट रहे 74 वर्षीय बेन कोहेन को अमेरिका की एक सीनेट सुनवाई से उस वक्त गिरफ्तार किया गया जब उन्होंने गाजा में जारी हिंसा और अमेरिका की सैन्य सहायता के खिलाफ विरोध दर्ज कराया।



कोहेन ने गुस्से में कहा, कांग्रेस बच्चों को मारने के लिए बमों का भुगतान करती है, जबकि गरीबों के लिए मेडिकेड जैसी स्वास्थ्य योजनाओं में कटौती की जा रही है। इसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

अमेरिका इजरायल को पहुंचा रहा सैन्य सहायता - कोहेन ने इस बात पर भी आक्रोश जताया कि अमेरिका अपने घरेलू सामाजिक कार्यक्रमों में कटौती कर रहा है, लेकिन इजरायल को 20 अरब डॉलर की सैन्य सहायता दे रहा है।

कोहेन ने रिहा होने के बाद कहा, यह शर्मनाक है कि अमेरिका अपने बजट का एक बड़ा हिस्सा युद्ध पर खर्च करता है। अगर यही पैसा दुनिया भर में जिंदगियां बेहतर करने में लगाया जाए तो शायद झगड़े कम हों।

कोहेन ने कहा कि वे सिर्फ अपनी नहीं, बल्कि लाखों अमेरिकियों की भावनाएं व्यक्त कर रहे हैं जो गाजा में हो रही मौतों से व्यथित हैं। उनका मानना है कि अमेरिका जो कर रहा है, वह नैतिक रूप से और इंसानियत के लिहाज से गलत है। उन्होंने कहा, यह हमारे देश की आत्मा पर चोट है। निर्दोषों की हत्या में भागीदारी करना हमारी इंसानियत के खिलाफ है।

उन्होंने यह भी कहा कि एक छोटे बच्चे को अगर कोई समस्या होती है, तो उसे सिखाया जाता है कि हिंसा नहीं, बातचीत का सहारा लो। फिर देश एक-दूसरे के साथ ऐसा क्यों नहीं कर सकते? उनका कहना था कि युद्ध कोई समाधान नहीं है।

# TRF को आतंकवादी सूची में डालने की कोशिशें तेज, भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने NOCT के टॉप अधिकारियों से की मुलाकात



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने पहलगाम हमले में शामिल लश्कर-ए-तैयबा के फ्रंट द रेजिस्टेंस फ्रंट को संयुक्त राष्ट्र की लिस्ट में शामिल कराने के प्रयास तेज किए हैं। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त राष्ट्र के आतंकवाद निरोधक कार्यालय (यूएनओसीटी) और आतंकवाद निरोधक समिति के कार्यकारी निदेशालय के टॉप अधिकारियों से मुलाकात की है।

द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को संयुक्त राष्ट्र द्वारा सूचीबद्ध आतंकी संगठन के रूप में नामित करने के प्रयास तेज कर दिए हैं।

भारत के मंत्रिमंडल ने अन्य देशों के साथ की मुलाकात- एक भारतीय तकनीकी टीम, जो न्यूयॉर्क में है ने कल 1267 प्रतिबंध समिति की निगरानी टीम और संयुक्त राष्ट्र में अन्य भागीदार देशों के साथ बातचीत की। उन्होंने इसके बाद संयुक्त राष्ट्र के आतंकवाद निरोधक कार्यालय (यूएनओसीटी) और आतंकवाद निरोधक समिति के कार्यकारी निदेशालय (सीटीईडी) से भी मुलाकात की।

यूएन के आतंकवाद-रोधी कार्यालय के अवर महासचिव व्लादिमीर वोरोनकोव और काउंटर-टेररिज्म कमेटी कार्यकारी निदेशालय (सीटीईडी) की सहायक महासचिव नतालिया घेरमन ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल से सहयोग पर ध्यान केंद्रित किया।

## मणिपुर के चंदेल जिले में असम राइफल्स की बड़ी कार्रवाई, 10 उग्रवादी किए ढेर



नई दिल्ली (एजेंसी)। मणिपुर के चंदेल जिले में असम राइफल्स की एक इकाई के साथ बुधवार को हुई मुठभेड़ में कम से कम 10 उग्रवादी मारे गए। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभियान अभी भी जारी है।

असम राइफल्स इकाई ने कल अभियान शुरू किया था- सेना की पूर्वी कमान ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत-म्यांमार सीमा के पास चंदेल जिले के खेंगजॉय तहसील के न्यू समतल गांव के पास सशस्त्र कैडरों की आवाजाही की विशेष खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, स्पीयर कोर के तहत असम राइफल्स इकाई ने 14 मई को एक अभियान शुरू किया।

संदिग्ध कैडरों द्वारा सैनिकों पर गोलीबारी की गई- अभियान के दौरान, संदिग्ध कैडरों द्वारा सैनिकों पर गोलीबारी की गई, जिस पर उन्होंने तुरंत प्रतिक्रिया दी, फिर से तैनात हुए और एक संतुलित और मापा तरीके से जवाबी कार्रवाई की। इसके बाद हुई गोलीबारी में, 10 संदिग्धों को मार गिराया गया और बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया।

## दिल्ली-राजस्थान में चढ़ेगा पारा, इन राज्यों में अगले 5 दिन तूफान और बिजली का अलर्ट



नई दिल्ली (एजेंसी)। देशभर में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। कई राज्यों में बारिश के बाद आज फिर तेज धूप निकल गई है। दिल्ली हृष्टक्र समेत कई राज्यों में आज सुबह से ही धूल भरी आंधी चल रही है । वहीं बताया जा रहा है आने वाले दिनों में दिल्ली में तापमान 42 डिग्री तक पहुंच सकता है।

मौसम रोजाना करवट ले रहा है, मौसम विभाग का अनुमान है कि उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र के कई इलाकों में अगले 4 दिन तक गरज चमक के साथ बारिश भी हो सकती है।

साथ ही बात करें यूपी के मौसम की तो यूपी में तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते अधिकतम तापमान में निरंतर बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। लू यानी 15 मई तक देश के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रों में भी फैल सकती है। वहीं 16 से 20 मई तक यूपी में बारिश का अनुमान है।उत्तराखंड के मैदानी क्षेत्रों में तेज धूप निकलने के कारण उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान कर दिया है। हालांकि, पर्वतीय इलाकों में हल्की बारिश का क्रम जारी है। पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। चमोली, रुद्रप्रयाग सहित अन्य ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बारिश होने से गर्मी से राहत मिली है, जबकि मैदानी जिले तप रहे हैं।

## बंद किए गए थे 32 एयरपोर्ट, सभी हवाई अड्डों से उड़ानें शुरू; केंद्रीय मंत्री ने श्रीनगर एयरपोर्ट का किया दौरा




नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारती ने पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई कर ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया था। इसके बाद पाकिस्तान ने भी जवाबी हमला करने की कोशिश की थी, जिसके भारतीय सेना और डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया था।

सभी 32 हवाई अड्डों से परिचालन शुरू- हालांकि, पाकिस्तान की तरफ से लगातार दागे जा रहे ड्रोन्स और मिसाइल की वजह से भारत ने सीमा से सटे 32 हवाई अड्डों को बंद कर दिया था। लेकिन अब स्थिति सामान्य होने के बाद भारत सरकार ने वापस से सभी एयरपोर्ट्स को खोल दिया है। पांच दिनों के बाद इन हवाई अड्डों से फिर से उड़ाने शुरू हो गई हैं। भारतीय विमानापत्तन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 15 मई 2025 के सुबह 5.29 बजे तक नागरिक विमान परिचालन के लिए 32 हवाई अड्डों को अस्थायी रूप से बंद करने के लिए सूचना जारी की गई थी। अब यह सूचित किया जाता है ये हवाई अड्डे अब तत्काल प्रभाव से नागरिक विमान परिचालन के लिए उपलब्ध हैं। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे सीधे एयरलाइनों से उड़ान की स्थिति की जांच करें और नियमित अपडेट के लिए एयरलाइन की वेबसाइट पर जाकर जानकारी लें।

इसके साथ ही भारत के नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडु किंजरापु ने श्रीनगर हवाई अड्डे पर सुविधाओं की समीक्षा की और शहर का दौरा भी किया। उन्होंने कहा, श्रीनगर हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन फिर से शुरू हो गया है। मैंने यहां स्थानीय लोगों से मुलाकात की जिन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

ऑपरेशन सिंदूर की तारीफ करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा,ऑपरेशन सिंदूर के साथ, हमने एक स्पष्ट संदेश दिया है कि हम आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता रखते हैं।

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जाएंगे जयपुर, भैरों सिंह शेखावत मेमोरियल लाइब्रेरी का करेंगे उद्घाटन



नई दिल्ली (एजेंसी)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जयपुर के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान धनखड़ पूर्व उपराष्ट्रपति की पुण्यतिथि के अवसर पर जयपुर में भैरों सिंह शेखावत स्मारक पुस्तकालय का उद्घाटन करेंगे। उपराष्ट्रपति के साथ उनकी पत्नी सुदेश धनखड़ भी होंगी।

राष्ट्रपति जाएंगे जयपुर- उपराष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार, धनखड़ भैरों सिंह शेखावत की 15वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विद्याधर नगर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए विशेष विमान से दिल्ली से जयपुर के लिए रवाना होंगे। इस कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ और अन्य विशिष्ट अतिथि भी शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि भैरों सिंह शेखावत 19 अगस्त 2002 से 21 जुलाई 2007 तक भारत के 11वें उपराष्ट्रपति और राज्य सभा के पदेन सभापति रहे। शेखावत ने सार्वजनिक जीवन में अपना करियर 1952 में राजस्थान विधानसभा के सदस्य के रूप में शुरू किया और बाद में तीन कार्यकालों के लिए राजस्थान राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया।

इससे पहले वीपी धनखड़ ने जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से मुलाकात की और राजस्थान के झुंझुनू, सीकर और चूरू जिलों में जलापूर्ति के मुद्दे पर चर्चा की।

सूत्रों के अनुसार, यमुना जल समझौते के क्रियान्वयन के लिए राजस्थान और हरियाणा सरकार द्वारा गठित टास्क फोर्स की पहली संयुक्त बैठक इसी साल 7 अप्रैल को और दूसरी संयुक्त बैठक 25 अप्रैल को हुई थी। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए जल्द ही एक सलाहकार नियुक्त किया जाएगा।

## ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए तुर्किए के दो मिलिट्री ऑपरेटिव्स, कर रहे थे पाकिस्तान की मदद



नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के हमलों में तुर्किए के दो मिलिट्री ऑपरेटिव्स भी मारे गए हैं। बताते हैं कि तुर्किए ने भारत के विरुद्ध संघर्ष में न सिर्फ 350 से अधिक ड्रोन देकर पाकिस्तान की मदद की, बल्कि उसके आपरेटर्स भी पाकिस्तानी सेना की सहायता कर रहे थे।

सूत्रों ने बताया, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्किए के सलाहकारों ने भारत में समन्वित ड्रोन हमलों में पाकिस्तानी सैन्य अधिकारियों की मदद की।

रक्षा सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत के विरुद्ध बेरक्तार टीबी2 और वाईआइएचए ड्रोन का इस्तेमाल किया।

माना जाता है कि इन ड्रोन का उपयोग लक्ष्यों की पहचान करने और संभवत- आत्मघाती हमलों के लिए किया गया, खासकर भारत के अग्रिम मोर्चों या आपूर्ति काफिलों को निशाना बनाने के लिए। पिछले कई वर्षों में पाकिस्तान ने तुर्किए के साथ नजदीकी सैन्य रिश्ते विकसित कर लिए हैं।

तुर्किए सरकार ने पाकिस्तानी सेना को प्रशिक्षण भी प्रदान किया

रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि हाल के वर्षों में पाकिस्तान और तुर्किए के बीच गठजोड़ चौंकाने वाली गति से मजबूत हुआ है। तुर्किए सरकार ने न सिर्फ महत्वपूर्ण सैन्य उपकरणों की आपूर्ति की है, बल्कि पाकिस्तानी सेना को प्रशिक्षण भी प्रदान किया है।

ड्रोन के मलबे की फोरेंसिक जांच की जा रही है- बताते हैं कि पाकिस्तानी सेना ने सात-आठ मई की रात में भारत की उत्तरी एवं पश्चिमी सीमाओं से लगते सैन्य ढांचे पर 300 से 400 ड्रोन से निशाना बनाने का प्रयास किया था। एक प्रेस कान्फ्रेंस में कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया था, ड्रोन के मलबे की फोरेंसिक जांच की जा रही है। शुरुआती रिपोर्ट बताती है कि ये तुर्किए के असिसगार्ड सोंगर ड्रोन हैं।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उजैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 कृष्ण चतुर्थी


## संपादकीय

# भारत की संस्कृति सभ्यता बड़े बुजुर्गों को मान सम्मान संयुक्त परिवार प्रथा सहित सभी गुणों में विशाल वटवृक्ष की भांति फलता फूलता रहा है



कुदरत द्वारा रचित अनमोल खूबसूरत सृष्टि में भारत आदि अनादि काल से संस्कृति सभ्यता बड़े बुजुर्गों को मान सम्मान संयुक्त परिवार प्रथा सहित सभी गुणों में विशाल वटवृक्ष की भांति फलता फूलता रहा है हमारे बड़े बुजुर्गों ने स्वर्णलोक, स्वर्ग अनुभूति इस सृष्टि में धरती पर अपनों के बीच किया देखा और सुख भोगा है। उन अपार सुख के फूलों में से एक फूल है घर,परिवार,संयुक्त परिवार एक मज़बूत सुख की छावं देने वाला, छत्रछाया देने वाला संयुक्त परिवार, घर परिवार जहां बड़े बुजुर्गों के छत्रछाया में जीवन जीने,उनके फैसलों पर अमल करनें,आगे बढ़ाने और समर्पित भाव से जीवन जीने का सुख,अनमोल क्षण के साए में जीवन जीने का आनंद ही कुछ और है। परंतु वर्तमान परिपेक्ष में धीरे-धीरे हमारे देश के अधिकांश युवा पाश्चात्य संस्कृति के साए में बड़े बुजुर्गों को नजरअंदाज कर, एकला चलो रे !वाली नीति पर चलने की राह पर हैं किसी का लिखा एक खूबसूरत वाक्यांश बता दें, घर तब तक नहीं टूटता तब तक फैसला बड़ों के हाथों में होता है, अगर घर का हर सदस्य बड़ा बनने लगे तो घर टूटने में देरी नहीं लगती इसलिए अब समय आ गया है कि हमें बड़े बुजुर्गों की आज्ञा, उनकी छत्रछाया में जीने का अंदाज सीखने की तात्कालिक आवश्यकता है,इसलिए हम इस आर्टिकल के माध्यम से आओ बड़े बुजुर्गों की छत्रछाया में मिलजुल कर रहने की भारतीय संस्कृति को विलुप्त होने से बचाएं पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम महत्वपूर्ण फैसलों के बड़ों के हाथों से छुटने की करें तो, उम्र के फ़र्क़ के साथ-साथ बड़े बुजुर्गों और बच्चों के मूल्यों में अंतर आ जाता है, मिसाल के लिए अगर बड़े बुजुर्ग बहुत धार्मिक हैं और उन्होंने बच्चों को भी वहीं संस्कार दिए तो भी ज़रूरी नहीं कि बच्चे उन्हीं संस्कारों को मानें, बस !यहीं से टकराव की शुरूआत होती है। अलगाव की स्थिति पैदा हो जाती है, ये भी देखा गया है कि आमतौर से अलग होने वाले माता-पिता और बच्चों के बीच अलग होने की वजह को लेकर कोई संवाद नहीं होता, इसलिए पता ही नहीं चलता कि आखरि वजह क्या है।इसके अलावा भाई-बहनों के अलग मिज़ाज और माता-पिता का किसी एक बच्चे के प्रति गहरा लगाव भी अलगाव की वजह बन जाते हैं, ऐसा नहीं है कि परिवार में अलगाव तेज़ी से और रातों रात हो रहा है, बल्कि ये बहुत धीरे-धीरे हो रहा है। कई बार छोटी सी घटना भी परिवार को तोड़ देती है। कहने को तो वो एक घटना होती है लेकिन उसके नतीजे दूरगामी होते हैं जिसको रेखांकित करना जरूरी है।

साथियों बात अगर हम घर में हर कोई बड़ा बनने के दो मुख्य कारणों की करें तो, पिछले कुछ वर्षों में देखा गया है कि भूमंडलीकरण की वजह से उन देशों में भी परिवार टूट रहे हैं, जहां अकेले रहने की रिवायत नहीं है, भारत की ही बात करें तो बड़ी संख्या में लोग रोज़गार की तलाश में गांवों से शहरों में या विदेशों में पलायन कर रहे हैं। वहीं जिन देशों में सरकार की ओर से बेहतर सुविधाएं नहीं मिलतीं वहां बुज़ुर्ग, नौजवान और बच्चों के बीच मज़बूत रिश्ता और एक दूसरे से लगाव देखने को मिलता है, इसकी मिसाल हमें यूरोप के कुछ देशों में देखने को मिलती है। बाहर बड़े शहरों या विदेश में रोजगार में जाने की वजह से माता-पिता से दूरी बन जाती है, साथ ही ऐसे परिवारों में आर्थिक रूप से लोग एक दूसरे पर निर्भर नहीं करते, स्वाभाविक रूप से वे अपने फैसले खुद लेने लगते हैं, लिहाज़ा उन्हें अलग होने में कोई हिचक भी महसूस नहीं होती। ये भी देखा गया है कि जो किसी समुदाय के लोग एक दूसरे से ज़्यादा क़रीब रहते हैं, उनके यहां बड़े परिवार भी एक छत के नीचे रहना पसंद करते हैं, ये भी हो सकता है कि असुरक्षा का भाव उन्हें ऐसा करने को कहता हो। शहरों में बड़े परिवार को साथ रखना आसान नहीं है, हर कोई बड़ा बनने एवं फैसला लेने की चाह रखता है इसलिए भी बुजुर्गों के साथ अलगाव की स्थिति पैदा हो रही है और गुज़रते दौर के साथ ये स्थिति और मज़बूत होगी। लेकिन किसी भी समाज में जो सांस्कृतिक मूल्य बहुत मज़बूत होते हैं।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस



राष्ट्रीय डेंगू दिवस डेंगू के बारे में जागरूकता प्रसारित करने और संचारण का मौसम शुरू होने से पहले देश में रोग नियंत्रण के लिए निवारक उपायों और उसकी तैयारी को तेज करने के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की सिफारिश पर प्रतिवर्ष 16 मई को मनाया जाता है। डेंगू पूरे देश में दूर तक फैला हुआ है। वर्ष 2017 में तमिलनाडु के बाद केरल, कर्नाटक, पंजाब, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, असम, गुजरात, हरियाणा, महाराष्ट्र, उड़ीसा, राजस्थान, दिल्ली और अन्य राज्यों से डेंगू के अधिकतम मामलों की सूचना मिली थी। इस रोग से अफ्रीका, अमेरिका, पूर्वी भू-मध्य सागर, दक्षिण-पूर्व एशिया और पश्चिम प्रशांत सहित 100 से अधिक देश प्रभावित हैं। यह भारत में विशेषकर बारिश के दिनों में होने वाला सामान्य रोग है।

### तथ्य

'डेंगू' डेंगू वायरस के कारण होने वाला एक वायरल रोग है।

डेंगू चार डेंगू वायरसों में से किसी एक से मादा एडीज इजिप्टी मच्छर के काटने से होता है।

एडीज इजिप्टी मच्छर दिन के समय काटता है।

व्यक्ति में संक्रामक काटने के बाद तीन से चौदह दिनों के भीतर लक्षण विकसित होते है।

रोगी जो कि पहले से ही डेंगू वायरस से संक्रमित हैं, लक्षणों की शुरुआत के चार से पांच दिनों के दौरान एडीज मच्छरों के माध्यम से दूसरे व्यक्ति को संक्रमित कर सकता हैं।

डेंगू की रोकथाम और नियंत्रण प्रभावी वेक्टर नियंत्रण उपायों पर निर्भर करता है।

### लक्षण

डेंगू में अचानक तेज़ बुख़ार के साथ बुख़ार की शुरुआत, गंभीर सिरदर्द, आंखों के पीछे दर्द, मांसपेशियों एवं जोड़ों में दर्द और चकत्ते हो जाते है।

डेंगू हेमोरेजिक बुख़ार में तीव्र बुख़ार की शुरुआत होती है जिसके बाद पेट दर्द, उल्टी, रक्तस्राव होता है। मामलों का छोटा सा हिस्सा घातक रोग जैसे कि डेंगू शॉक सिंड्रोम दिखा सकता है।

### उपचार

डेंगू के लिए कोई विशिष्ट एंटीवायरल दवाएं नहीं हैं। चिकित्सक द्वारा प्रारंभिक नैदानिक निदान और पर्याप्त नैदानिक प्रबंधन मृत्यु दर को एक प्रतिशत से कम करता है। रोगी के लिए पैरासिटामोल के साथ एनाल्जेसिक का उपयोग तथा अधिक से अधिक मात्रा में तरल पदार्थों पीना और पर्याप्त आराम करना महत्वपूर्ण है। एसिटाइलसैलिसाइलिक एसिड और गैर स्टेरॉयड एंटी-इंफ्लैमेटरी ड्रग्स के उपयोग की सिफ़ारिश नहीं की जाती है।

### रोकथाम और नियंत्रण

राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के निदेशालय, भारत में डेंगू की निगरानी और रोकथाम के लिए नोडल केंद्र है। एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम देश में डेंगू रोग की निगरानी और प्रकोप का पता लगाने/जांच में भी मदद करता है।

### सूचना

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने यह अधिसूचना जारी की है कि डेंगू के सभी मामलों की सूचना देना अनिवार्य है। सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों और निजी अस्पतालों तथा नैदानिक केंद्रों[7] को संबंधित जिले के जिला स्वास्थ्य प्राधिकरण के कार्यालय को संचारण के मौसम के दौरान नियमित या साप्ताहिक अपने स्वास्थ्य संस्थान में दर्ज किए गए संदिग्ध डेंगू के मामलों की सूचना देना अनिवार्य है।

### सावधानियाँ

कूलर और अन्य छोटे बर्तनों, प्लास्टिक के बर्तनों, बाल्टियों, उपभोग किए गए ऑटोमोबाइल टायरों, कूलर, पालतू पशुओं के पीने के पानी के बर्तनों और फूलदान का पानी सप्ताह में कम से कम एक बार अवश्य बदला जाना चाहिए।

उपयुक्त लाविसाइड का उपयोग जल भंडारण बर्तनों में किया जाना चाहिए, जिन्हें खाली नहीं किया जा सकता है।

पानी भंडारण के बर्तनों को ढक्कन से ढका जाना चाहिए।


मच्छरों के काटने से बचने के लिए दिन में एरोसोल का उपयोग किया जा सकता है।

संचारण के मौसम के दौरान सभी लोग को हाथों और पैरों को ढकने वाले कपड़े पहनने चाहिए।

दिन में सोने के दौरान मच्छरदानी या मच्छर भागने वाले उत्पादों का उपयोग किया जा सकता है।

मच्छरों के काटने को रोकने के लिए खिड़की की स्क्रीन, कीटनाशकयुक्त मच्छर दानी, कॉइल्स और कीटनाशकों का छिड़काव जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा उपाय का उपयोग किया जा सकता है।

डेंगू के रोगी को मच्छर के काटने से बचाया जाना चाहिए। यह अन्य लोगों में डेंगू फैलने से रोकेगा।



# ट्रंप का दावा- भारत ने किया अमेरिकी आयात पर जीरो टैरिफ का ऑफर



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ ट्रेड एग्रीमेंट पर चल रही बातचीत में महत्वपूर्ण अपडेट दिया है। दोहा में उन्होंने कहा कि भारत ने उन्हें जीरो टैरिफ का ऑफर दिया है। इसका मतलब है कि भारत में अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर कोई इंपोर्ट ड्यूटी नहीं लगेगी। हालांकि भारत सरकार की तरफ से इसकी पुष्टि अभी तक नहीं की गई है।

**एपल प्लांट को लेकर कही ये बड़ी बात-** ट्रंप ने भारत में एपल के प्लांट को लेकर भी बड़ी बात कही। उन्होंने कहा, मेरी कल एपल के सीईओ टिम कुक से बात हुई। मैंने उनसे कहा कि आप भारत में एपल के प्लांट न लगाएं। आप अपने प्लांट अमेरिका में लगाएं। भारत अपने हित खुद देख सकता है।

इससे पहले 30 अप्रैल को ट्रंप ने कहा था कि भारत के साथ टैरिफ पर बातचीत बहुत अच्छी चल रही है। नए घटनाक्रम पर ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, ÷यह डील जल्दी होने की संभावना है। ट्रंप ने कहा है कि भारत अधिकतर वस्तुओं पर टैरिफ घटाने पर राजी हो गया है। ट्रंप हमेशा व्यापार घाटे के लिए भारत के ऊंचे टैरिफ को दोष देते रहे हैं।÷

श्रीवास्तव के अनुसार, भारत समझौते के पहले दिन से 'जीरो फॉर जीरो' अप्रोच के तहत अमेरिका से 90त्न आयात को टैरिफ-मुक्त कर सकता है। ऑटोमोबाइल और कृषि को इससे बाहर रखा जा सकता है। लेकिन यह डील बराबरी की होनी चाहिए। दोनों पक्ष को टैरिफ समान रूप से खत्म करना चाहिए।

रायटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने अमेरिका के साथ औसत टैरिफ अंतर को मौजूदा 13 प्रतिशत से घटाकर 4 प्रतिशत करने का ऑफर दिया है। पहले चरण में भारत 60 प्रतिशत वस्तुओं पर टैरिफ खत्म कर देगा। इसके बदले भारत अभी या भविष्य में टैरिफ वृद्धि से छूट चाहता है।

2 अप्रैल को डोनाल्ड ट्रंप ने भारत सहित 60 देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। इसका पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था पर बहुत गहरा असर पड़ा। अमेरिका सहित कई बड़े देशों के शेयर बाजारों में बिकवाली होने लगी।

## दिवालिया प्रोसेस से गुजरेगी यह कंपनी? 94% टूटने के बाद अब 3 दिन से लगातार अपर सर्किट



नई दिल्ली (एजेंसी)। जेनसोल इंजीनियरिंग के शेयर लगातार फोकस में हैं। कंपनी के शेयर में गुरुवार को 5% तक की तेजी आई और यह शेयर 63.14 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गया। इसमें पिछले तीन दिनों से लगातार अपर सर्किट लग रहा है। बता दें कि इससे पहले करीबन 22 ट्रेडिंग सत्रों में लगातार लोअर सर्किट लगा था। इस दौरान यह शेयर करीबन 94त्न तक टूट गया था। अब बीते दिनों सप्ताह की शुरुआत में मैनेजिंग डायरेक्टर अनमोल सिंह जग्गी और पूर्णकालिक निदेशक पुनीत सिंह जग्गी के इस्तीफे के बाद गुरुवार को जेनसोल इंजीनियरिंग के शेयरों में लगातार अपर सर्किट लगा है।

15 मई को जेनसोल इंजीनियरिंग के शेयरों में 5त्न का अपर सर्किट लगा, जबकि 14 मई को भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) ने कहा कि उसने राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण के समक्ष संकटग्रस्त फर्म के खिलाफ दिवालियापन आवेदन दायर किया है। रेगुलेटरी फाइलिंग के अनुसार, इरेडा ने 14 मई, 2025 को दिवालियापन और दिवालियापन संहिता, 2016 की धारा 7 के तहत जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड के खिलाफ एक आवेदन दायर किया है, जो एक लिस्टेड कंपनी है, जिस पर 510,00,52,672 रुपये (लगभग 510 करोड़ रुपये) का डिफॉल्ट बकाया है।

# सोने का दाम फिर एक बार फिसला, जानें अब कितनी हुई कीमत?



नई दिल्ली (एजेंसी)। पिछले महीने अप्रैल में सोने का दाम 1 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया था। हालांकि बीते दिनों से सोने के भाव में लगातार गिरावट देखी जा रही है। दरअसल, अब तक जितने फैक्टर्स सोने की कीमतों को बढ़ा रहे थे, वह एक-एक कर समाप्त हो रहे हैं। इसीलिए सोने के दाम में गिरावट आ रही है।

गुरुवार के दिन भी सोने के दाम में भारी गिरावट आई है। आज एमसीएक्स में सोने का भाव 91,593 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया है। ये दाम सुबह 11.29 बजे दर्ज किया गया है। अब तक सोने की कीमत 10 ग्राम 91,211 रुपये पहुंचकर लो रिकॉर्ड बनाया है। इसके साथ ही सोने की कीमत ने 91,692 पहुंचकर रिकॉर्ड हाई बनाया है।

15 मई के दिन 1 किलो चांदी के दाम में भी लगभग 1000 रुपये की गिरावट आई है। एमसीएक्स में दोपहर 11.37 बजे 1 किलो चांदी का दाम 94,368 रुपये चल रहा है। इसके भाव में 968 प्रति 10 ग्राम की गिरावट आई है। इसने अब तक 94,041 रुपये प्रति किलो पहुंचकर लो रिकॉर्ड बनाया है। इसके साथ ही 94,498 प्रति किलो पहुचंकर हाई रिकॉर्ड बनाया है।

एक्सपर्ट्स ने क्या कहा - एचडीएफसी सिक्युरिटीज के कमोडिट एंड करेंसी प्रोडक्ट्स के प्रमुख अनुज गुप्ता का कहना है कि गुरुवार को सोने के दाम में जो गिरावट दर्ज हुई है। इसके कई मुख्य कारण हो सकते हैं। इनमें यूएस डॉलर की रिकवरी, ट्रेड टेंशन में गिरावट प्रमुख फैक्टर हैं। इन सभी कारणों के चलते ये गिरावट आई है।

## भारत ने किया ट्रेड और ट्रैवल का प्रहार, जानिए तुर्किये को कितना होगा नुकसान?




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच बीते दिनों वार की स्थिति बन गई थी। दोनों ही देश एक दूसरे पर ड्रोन से हमले कर रहे थे। इस बीच खबर आती है कि पाकिस्तान को हमले के लिए ड्रोन तुर्किये द्वारा भेजे गए हैं। गौरतलब है कि तुर्किये को भारत द्वारा कई बार सहायता प्रदान की गई है। जिसके बाद से ही तुर्किये के इस बर्ताव को दोस्ती में गद्दारी और विश्वासघात का नाम दिया गया। अब स्थिति बहिष्कार तक पहुंच गई है।

**ट्रेवल से किया प्रहार-** चर्चित उद्योगपति हर्ष गोयनका ने ट्वीट कर कहा भारतीयों ने तुर्किये और अजरबैजान को 4000 करोड़ रुपए ज्यादा पर्यटन के जरिए दिए। लेकिन आज यह दोनों देश पाकिस्तान के साथ खड़े हैं।

गोयनका ने भारतीयों से अपील करते हुए कहा, भारत और दुनिया में ढेरों खूबसूरत जगहें हैं। कृपया इन दो देशों का बहिष्कार करें। तुर्किये की अर्थव्यवस्था को भारतीय पर्यटकों से बड़ा योगदान मिलता है। इस बीच सैकड़ों भारतीयों ने तुर्किये और अजरबैजान की यात्रा रद्द कर दी है। इस बारे में मिली जानकारी के मुताबिक लगभग 6 दिन में ही भारत की ओर से 50 फीसदी से ज्यादा बुकिंग केंसिल हो चुकी है।

# अब समय आ गया है अपने पोर्टफोलियो में क्वालिटी को अपनाने का

नई दिल्ली (एजेंसी)। बतौर उपभोक्ता हम क्वालिटी से कभी समझौता नहीं करते। हम स्वाभाविक रूप से वही पसंद करते हैं जो विश्वसनीय, टिकाऊ और किफायती हो। इसका कारण सरल है- क्वालिटी कई दिनों तक चलती है, लगातार परफॉर्मेंस करती है और समय के साथ चुनौतियों का सामना करती है।

यह तर्क इन्वेस्टिंग के साथ भी लागू होता है। सस्टेनेबल ग्रोथ और स्टेबल रिटर्न के लिए क्वालिटी एक महत्वपूर्ण पैरामीटर है। इसलिए क्वालिटी कंपनियां आर्थिक चक्रों और बाजार की अस्थिरता को अधिक आसानी से पार कर लेती हैं। जब आर्थिक अनिश्चितता के दौरान ऐसे निवेश सही वैल्यूएशन पर उपलब्ध होते हैं, तो क्वालिटी इंवेस्टमेंट थीम सिर्फ एक विकल्प नहीं बल्कि एक स्ट्रांग पोर्टफोलियो बनाने के लिए जरूरत बन जाती है।



क्वालिटी पर ध्यान देने का समय आ गया है, भले ही यह स्टाइल हाल के वर्षों में मोमेंटम, वैल्यू और व्यापक बाजारों से पीछे रह गई हो। वैश्विक अनिश्चितताएं, ट्रेड वॉर, घरेलू और वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी और कम आमदनी क्वालिटी के केस को मजबूत करते हैं। पांच साल के सुस्त प्रदर्शन के बाद, अब वैल्यूएशन बेहतर दिखाई दे रहे हैं।स्मार्ट निवेशक ट्रेंड के बदलने का इंतजार नहीं करते - वे पहले से तैयारी करते हैं। सफल निवेश में अक्सर ऐसे Pre-Emptive Adjustments शामिल होते हैं जो लॉन्ग-टर्म रेजिलिएंस के साथ जुड़े हों।

सभी सेक्टर्स और मार्केट कैपिटलाइजेशन में, कई कंपनियों ने क्वालिटी को बढ़ावा दिया है, मजबूत ब्रांड बनाए हैं और अपने मार्केट शेयर को बढ़ाया है। ऐसी कंपनियों को ग्राहकों का भरोसा और बढ़ते लॉयल्टी का आधार प्राप्त है, जो बेहतर प्रोफिटैबिलिटी और लॉन्ग-टर्म ग्रोथ पोटेंशियल के लिए जाने जाते हैं। स्ट्रांग बैलेंस शीट और पर्याप्त रिसर्ज के साथ, वे भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए अच्छी तरह से तैयार रहते हैं।

इस समय, निवेशकों को अगर आगे रहना है तो उन्हें क्वालिटी इन्वेस्टमेंट थीम पर विचार करना चाहिए। जिस तरह हम अपने रोजाना के खर्च में क्वालिटी को प्राथमिकता देते हैं, उसी तरह अब समय आ गया है कि हम अपने पोर्टफोलियो में भी यही दृष्टिकोण अपनाएं। इस थीम का लाभ उठाने का सबसे प्रभावी और विश्वसनीय तरीका है Mutual Fund Equity Schemes में निवेश करना जहां हाई क्वालिटी वाले शेयरों पर ध्यान दिया जाता है।

## रॉकेट बना डिफेंस कंपनी का यह शेयर, खरीदने की मची लूट



नई दिल्ली (एजेंसी)। अपोलो माइक्रो सिस्टम्स के शेयर गुरुवार को कारोबार के दौरान फोकस में रहे। कंपनी के शेयर आज 8त्न तक चढ़ गए। अपोलो माइक्रो सिस्टम्स के शेयर इंट्रा डे में 141.10 रुपये के हाई पर पहुंच गए थे। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक बड़ी वजह भी है। दरअसल, रक्षा क्षेत्र में बेहतरीन परफॉर्मेंस करने वाले इस शेयर में पिछले पांच सालों में 1450 प्रतिशत की शानदार बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अपोलो माइक्रो सिस्टम्स ने एक्सचेंजों को सूचित किया कि उसने जनवरी 2025 में पहले जारी की गई अपनी असाधारण आम बैठक (ईजीएम) सूचना और शुद्धिपत्र में महत्वपूर्ण अपडेट किए हैं।

कंपनी ने कहा कि परिवर्तनीय इक्विटी वारंट के लिए इश्यू का 25 प्रतिशत आवंटन के समय एकत्र किया जाएगा, जबकि बाकी 75 प्रतिशत छह महीने के भीतर देय होगा। सेबी के आईसीडीआर नियमों के अनुरूप पूरी राशि का उपयोग 9 महीने के भीतर किए जाने की उम्मीद है।

दैनिक हिन्दकुश
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
hindkush.in
24x7 News portal
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# वंदे भारत एक्सप्रेस में वाइब्रेशन का पता लगाने बनाई डिवाइस, सफर के दौरान यात्रियों को नहीं लगते ज्यादा झटके



जबलपुर। वंदे भारत एक्सप्रेस की यात्रा को और आरामदायक बनाने के लिए जबलपुर रेल मंडल ने एक डिवाइस (एक्सलेरोमीटर) तैयार की है। इस डिवाइस की सहायता से वंदे भारत ट्रेन के पटरियों पर फर्राटा भरने के दौरान कंपन मापा जा रहा है। यात्रियों को झटका महसूस हो उसके पूर्व ही यह डिवाइस समस्या का पता लगा रही है।

अपनी तरह की यह अलग डिवाइस भारतीय रेल में जबलपुर ने पहली बार तैयार की गई है। प्रारंभिक रूप से डिवाइस का उपयोग रीवा-रानी कमलापति और रानी कमलापति-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस में किया जा रहा है।

ट्रेन की सवारी के दौरान ज्यादा झटके महसूस नहीं होते

इससे यात्रियों का सफर आरामदायक हुआ है। रेलवे के पास अभी तक चलती ट्रेन में कंपन मापने के लिए कोई उपकरण नहीं था। इस उपकरण के बनने से वंदे भारत एक्सप्रेस के कोच के पहियों और संस्पेंशन सिस्टम की स्थिति का पता लगाने में सहायता मिल रही है।

ट्रेन कोच में व्हील शेलिंग जैसी समस्या का आरंभिक चरण में पता चलने से उसमें सुधार कर लिया जाता है। यात्रियों को ट्रेन की सवारी के दौरान ज्यादा झटके महसूस नहीं होते हैं।

यह एक पोर्टेबल/स्थांतरित किए जा सकने वाली डिवाइस है, इसे वंदे भारत ट्रेन के कोच के फ्लोर एरिया पर किसी भी स्थान पर रखा जाता है, ताकि इसमे लगे दो एक्सलेरोमीटर की मदद से कंपन स्तर को मापा जा सके। फिर ग्राफ प्लाट करके कंपन मूल्य/डेटा का विश्लेषण कर, सुधार कर उपाय निकाला जा सके। इस डिवाइस के उपयोग के दौरान एक टेक्नीशियन रहता है, वह इसके संचालन पर नजर रखता है।

जबलपुर रेल मंडल के मैकेनिकल विभाग के अधिकारी चाहते थे कि वंदे भारत में यात्री झटके महसूस करें, उससे पूर्व ही उन्हें पता चल जाए। ताकि उसमें सुधार कर आरामदाय यात्रा का अनुभव दिया जा सके। इसमें सबसे बड़ी बाधा कंपन मापने के लिए कोई यंत्र का न होना था।

तब मैकेनिकल इंजीनियरों की टीम ने यंत्र बनाने पर काम शुरू किया। तत्कालीन सीआरएसई समीर लोहानी और डीएमई स्वप्निल पाटिल की टीम ने एक माह में ही कंपन मापने के यंत्र का अविष्कार कर लिया।

# स्कॉर्पियो ने ऑटो को मारी सामने से टक्कर, चालक की मौत ; परिजनों ने शहडोल रीवा मार्ग पर लगाया जाम



शहडोल। जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के दरोगा पुलिया में एक तेज रफ्तार स्कार्पियो ने ऑटो को ठोकर मार दी, जिसमें ऑटो चालक की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद नाराज परिजन शहडोल रीवा मार्ग पर चक्का जाम लगाकर विरोध कर रहे हैं। पुलिस मौके पर पहुंच लोगों से बातचीत कर उन्हें समझाने की कोशिश कर रही है। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई है।पुलिस ने बताया की ऑटो और स्कॉर्पियो में आमने-सामने भिड़ंत के बाद ऑटो चालक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। ऑटो चालक पास के गांव का रहने बाला था। घटना की जानकारी लगते ही परिजन और ग्रामीणों ने मौके पर पहुंच विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। विरोध में ऑटो चालक के परिजन और स्थानीय लोग मौके पर काफी संख्या में सड़क पर खड़े होकर चक्का जाम लगा दिया है।

पुलिस ने वाहन को कब्जे में लिया- सड़क हादसे में ऑटो चालक की मौत की जानकारी लगने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है। लोगों से बातचीत करने की कोशिश कर रही है।

दो थाने की सीमा पर यह दरोगा पुलिया होने से ब्यौहारी और देवलौंद थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे हैं। स्कॉर्पियो वाहन भी मौके पर खड़ा हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंच वाहनों को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

एक घंटे से लगा शहडोल रीवा मार्ग में जाम- ब्यौहारी के दरोगा पुलिया में यह सड़क हादसा हुआ है। यह मार्ग शहडोल से रीवा को जोड़ता है। विरोध कर रहे लोग सड़क पर खड़े हैं। चक्का जाम लगा दिया है, जिससे शहडोल रीवा मार्ग में एक घण्टे से जाम लगा हुआ है।

सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारे लगी है, जिससे आवाजाही कर रहे लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

## भोपाल में मॉकड्रिल के दौरान फटा ग्रेनेड, दो पुलिसकर्मी बुरी तरह घायल



भोपाल। पाकिस्तान द्वारा किए गए हमले के बाद पुलिस द्वारा लगातार मॉक ड्रिल के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की जा रही है। इसी के बाद तहत गुरुवार को एसएएफ की पच्चीसवीं बटालियन में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया था।

इस मॉक ड्रिल के दौरान एक ग्रेनेड फट गया, जिससे अभ्यास में लगे दो पुलिसकर्मियों को गंभीर चोट आई, घायलों को इलाज के लिए चूनाभट्टी स्थित बंसल अस्पताल लाया गया है। एमरजेंसी वार्ड में इनका उपचार जारी हैं। घायलों के नाम प्रधान आरक्षक विशाल सिंह और आरक्षक संतोष कुमार हैं।

## एमपी में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के 59,000 रुपए के लालच में 19 जोड़ों ने दोबारा ले लिए सात फेरे, विधायक ने दोनों बार आशीर्वाद दिया



खंडवा। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत हुए वैवाहिक आयोजन में फर्जीवाड़ा सामने आया है। ग्राम बमनगांव आखई में ऐसे जोड़ों ने भी विवाह में फेरे लिए, जो पहले से विवाहित थे।

इनमें से कुछ ऐसे भी रहे जिन्हें पूर्व में हुए विवाह में भी विधायक कंचन तनवे ने आशीर्वाद दिया था और इस बार भी इन्हें आशीर्वाद के साथ पौधे भेंट किए।

सरकारी योजना का लाभ उठाने के लिए लोग किस तरह से फर्जीवाड़ा करते हैं, इसका उदाहरण 14 मई को ग्राम बमनगांव में देखने को मिला। यहां करीब 198 जोड़ों का सामूहिक विवाह हुआ। सूत्रों के अनुसार इस विवाह में करीब 19 जोड़े ऐसे रहे जिन्होंने योजना का लाभ लेने के लिए दोबारा विवाह रचा लिया। इन 19 जोड़ों का विवाह हाल ही में अनाज मंडी में 30 अप्रैल को कहार समाज की ओर से आयोजित सामूहिक आयोजन में हुआ था।

अनाज मंडी में हुए आयोजन में विधायक कंचन तनवे भी इन जोड़ों को आशीर्वाद देने के लिए पहुंची थीं। इनमें से कुछ जोड़ों की तस्वीरें इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित हो रही हैं। इन तस्वीरों में इनके पूर्व में हुए विवाह के दृश्य हैं।

इन्हीं में एक जोड़ा ऐसा भी है, जिसने एक ही महीने में तीसरी बार फेरे लिए हैं। ग्राम बमनगांव आखई में कहार समाज के 19 जोड़ों के अलावा भी कुछ जोड़े ऐसे रहे, जिन्होंने दोबारा विवाह रचाया।

## भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर और राजगढ़ जिले को मिलाकर मेट्रोपोलिटन सिटी बनाने की तैयारी

भोपाल। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर और राजगढ़ को मिलाकर मेट्रोपोलिटन सिटी बनाने की कवायद शुरू कर दी गई है। इसके तहत अगले 14 महीने में पांचों जिलों का सर्वे करने के साथ रीजनल डेवलपमेंट एंड इंवेस्टमेंट प्लान बनाया जाएगा।

इस प्लान के आधार पर भोपाल को मेट्रोपोलिटन सिटी बनाया जाना है। बुधवार को संभागायुक्त संजीव सिंह के कार्यालय में पांचों जिलों के कलेक्टर्स की मौजूदगी में बीडीए के सीईओ श्यामवीर सिंह ने प्रजेंटेशन दिया। इसमें डीपीआर को लेकर बात रखी गई। संभागायुक्त ने बताया कि पांच जिलों के आठ हजार वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र को कवर करेगा और इसमें पांच जिले शामिल होंगे, जिसमें भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर और राजगढ़ शामिल किया गया है। इन जिलों को जोड़ने से महानगर की आबादी 35 लाख हो जाएगी।

चार स्टेज में काम किया जाएगा। पहले चरण में टीम का गठन, सर्वे, बैठकें आयोजित कर अमलीजामा पहनाना, वर्कप्लान फाइनल करना, सभी विभागों का सर्वे अपने अपने एरिया में करना और विधानसभावार 18 विभागों का डेटा जुटाने का काम किया जाएगा, जबकि आखिरी स्टेज में इंजीनियरिंग, लागत अनुमान और वर्कप्लान की डीपीआर तैयार की जाएगी।

दो जून को डीपीआर बनाने के लिए टेंडर निकाला जाएगा। इसके आधार पर टैंडर लेने वाली कंपनी को डीपीआर बनाने का काम सौंपा जाएगा।



# कर्नल सोफिया के लिए आपत्तिजनक बयान देने वाले मंत्री शाह के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, पुतला फूंका




इंदौर।आदिम जाति कल्याण मंत्री विजय शाह कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिए गए आपत्तिजनक बयान को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। कांग्रेस सेवादल ने मंत्री शाह का पुतला इंदौर में फूंका और उनके इस्तीफे की मांग की।

इसके अलावा प्रदर्शन कर रहे नेतागणों ने कर्नल सोफिया की तस्वीर गांधी प्रतिमा स्थल पर लगाई और उनका दूध व गंगाजल से अभिषेक किया। इसके अलावा शहर महिला कांग्रेस ने भी प्रदर्शन किया और मंत्री शाह का पुतला जलाया। महिला कांग्रेस पार्षदों ने कहा कि मंत्री शाह पहले भी आपत्तिजनक टिप्पणी कर चुके है। उनसे मंत्री पद छिना जाना चाहिए।

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता राजेश चौकसे ने कहा कि शाह मंत्री क्या विधायक पद के योग्य भी नहीं है। उन्हें तो भाजपा को निष्कासित किया जाना चाहिए। उन्होंने भारतीय सेना का अपमान किया है। आपको बता दे कि इंदौर के समीप मानपुर में आयोजित हलमा कार्यक्रम में मंत्री शाह ने कहा था कि जिन आंतकियों ने पहलगाम में लोगों को मारा, उनके कपड़े उतरवाए। उन आंतकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा।प्रधानमंत्री ने उन्हीं की बहन को भेजकर उनकी ऐसी-तैसी करवाई। उनके इस बयान पर हल्ला मचा तो भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने उन्हें तलब किया। इसके बाद उन्होंने अपे बयान पर खेद भी प्रकट कर लिया था।

# बाल भवन में स्पोकन इंग्लिश शिविर प्रारंभ



इंदौर। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित संभागीय बाल भवन में बच्चों के समग्र विकास हेतु विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में ऑलवेज हैप्पी हेल्पिंग हैंड संस्था के सहयोग से स्पोकन इंग्लिश शिविर प्रारंभ किया जा रहा है। संस्था की डायरेक्टर श्रीमती साधना टोडी एवं उनकी टीम ने बाल भवन के सहायक संचालक श्री व्ही.पी.एस. राठौर से मुलाकात कर इस शिविर को लेकर विस्तार से चर्चा की। चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया कि अंग्रेज़ी बोलचाल को प्रोत्साहित करने के लिए कल से शिविर की शुरुआत की जाएगी। साथ ही आगामी सप्ताह से महिलाओं और किशोरी बालिकाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण शिविर भी प्रारंभ किया जाएगा। वर्तमान में संस्था के सहयोग से मेहंदी कला एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण शिविरों का संचालन किया जा रहा है। बाल भवन में नियमित कक्षाएं प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित की जा रही हैं, जिनमें नृत्य (कत्थक एवं प्रांतीय लोकनृत्य), गायन (सुगम संगीत), कंप्यूटर शिक्षा एवं वैज्ञानिक नवाचार विषयों का प्रशिक्षण बच्चों को दिया जा रहा है।

## बिगड़े बोलों के कारण कई बार फंस चुके हैं मंत्री विजय शाह, पुलिस ने भी की है पिटाई

कर्नल सोफिया को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर भाजपा संगठन के लिए परेशानी खड़ी करने वाले मंत्री विजय शाह का विवादों से पुराना नाता है। बिगड़े बोल के कारण एक बार वे अपना मंत्रीपद भी गंवा चुके है। पिछले साल जंगल में आग जलाकर पार्टी करने की पोस्ट के बाद भी उनकी किरकिरी हुई थी। अब कर्नल सोफिया को आतंकियों की बहन बताने वाले बयान को लेकर वे खुद की पार्टी और विपक्ष के निशाने पर आ चुके है। उनके बयान को लेकर केंद्रिय नेतृत्व भी नाराज है। अब फिर उनकी कुर्सी पर तलवार लटकी है। मंत्री विजय शाह की गिनती है भाजपा के सीनियर मंत्रियों में होती है। वर्ष 1998 से वे हरसूद विधानसभा सीट से चुनाव जीतते आ रहे है और सातवीं बार विधायक हैं। आदिवासी नेता होने के कारण उन्हें गौर सरकार, शिवराज और मोहन सरकार में मंत्रीपद भी मिला है। इतना अनुभव होने के बावजूद उनके विवादित बयानों के कारण भाजपा को कई बार ड्रेमेज कंट्रोल करना पड़ा है। विधानसभा चुनाव के समय अपने प्रतिद्वंदी उम्मीदारों को धमकाने के आरोप भी उन पर लगते रहे है। आठ साल पहले उन्होंने झाबुआ में आदिवासी कन्या छात्रावास में ट्रेकसूट वितरण के दौराना छात्रावास की युवतियों और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पत्नी साधना सिंह को लेकर अशोभनीय टिप्पणी कर दी थी।

# संभागायुक्त दीपक सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के ब्लाक मेडिकल ऑफिसर को किया निलंबित

इंदौर। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने, समय-समय पर चेतावनी दिये जाने के बावजूद भी अभद्र और अशोभनीय व्यवहार करने पर इंदौर संभाग के झाबुआ जिले के पेटलावद में पदस्थ स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी ब्लाक मेडिकल ऑफिसर डॉ. सुरेश कटारा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई कलेक्टर झाबुआ से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की गई है।

कलेक्टर झाबुआ श्रीमती नेहा मीणा से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार गत फरवरी माह में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की गई थी। इस दौरान विकासखंड पेटलावद में शेष आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की संख्या में भिन्नता होने से डॉ. सुरेश कटारा प्रभारी ब्लाक मेडिकल आफिसर पेटलावद जिला झाबुआ से इस संबंध में चर्चा करने पर उनके ?द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। बैठक में अभद्रता की गई, जिससे बैठक में व्यवधान उत्पन्न हुआ। डॉ. कटारा द्वारा बैठक में उक्त अभद्रता अशोभनीय व शासकीय सेवक से अपेक्षित नहीं होकर अमर्यादित था।

इसके अतिरिक्त डॉ. कटारा की कार्यप्रणाली विकासखंड पेटलावद में भी ठीक नहीं होने से पूर्व में भी कारण बताओं सूचना पत्र जारी किये गए।

# मंत्री विजय शाह के खिलाफ प्रदेशभर में प्रदर्शन, महिला आयोग ने भी मंत्री के बयान को अपमानजनक बताया



इंदौर। आपरेशन सिंदूर में शामिल कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर की मंत्री विजय शाह द्वारा की गई अपमानजनक टिप्पणी को लेकर राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस ने प्रदेश के कई शहरों में उनके खिलाफ प्रदर्शन किए। भोपाल में कुछ कांग्रेस नेता उनके खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराने भी पहुंचे। उधर महिला आयोग ने भी मंत्री के बयान को अपमानजनक बताया है।

आयोग अध्यक्ष विजया राहटकर ने एक्स पर लिखा है कि कुछ जिम्मेदार व्यक्तियों द्वारा इस तरह के बयान दिए जा रहे है जो महिला वर्ग के लिए अपमानजनक है। यह उनकी गरिमा को ठेस पहुंचा रहे है और राष्ट्र की उन बेटियों का भी अपमान कर रहे है, जो देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

कर्नल सोफिया देश की गौरवशाली बेटी है। वे देश से प्यार करने वाले सभी भारतियों की बहन है। उनके समर्पण का सम्मान हमारी जिम्मेदारी है, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि उनके प्रति इस तरह के बयान दिए जा रहे है। इस तरह के अपमानजनक बयानों की कड़ी निंदा होना चाहिए। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि भोपाल के श्यामला हिल्स थाने में शिकायत दर्ज कराई है। सेना का अपमान कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी। गुरुवार को प्रदेश के हर थाने में कांग्रेस उनके खिलाफ शिकायत लेकर जाएगी। उन्होंने देशद्रोह का काम किया है।

## जिला प्रशासन के खाद्य विभाग के अमले ने की बड़ी कार्रवाई



इंदौर। इंदौर जिले में रसोई गैस सिलेंडरों का अन्य उपयोग किये जाने पर कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में खाद्य विभाग के अमले द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी सिलसिले में आज चितावद रोड़ पर बड़ी कार्रवाई की गई। जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री एम.एल. मारू ने बताया कि खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम ने मेसर्स ताज गैस चूल्हा रिपेयर 47 राधा स्वामी नगर, चितावाद रोड इन्दौर के यहां छापामार कार्रवाई की गई। इस दौरान गैस की अवैध रिफिलिंग का कार्य ?मिला और गैस सिलेंडर का अवैध भंडारण भी प्राप्त हुआ। मौके पर कुल 18 घरेलु प्रवर्ग के गैस सिलेंडर जप्त किये गये। जिसमें 12 भरे एवं 06 खाली थे। सिलेंडर तीनो प्रमुख गैस कंपनियों के हैं। गैस रिफिलिंग में काम आने वाली वंशी तथा दस नग लोकल रेगुलेटर दुकान संचालक मोहम्मद सब्बीर निवासी खजराना से जप्त किए गये। रिहायशी इलाके में अवैध गैस भंडारण,रिफिल की शिकायत मिल रही थी। टीम ने आठ दिन की रेकी की और आज छापा मारा। आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 में प्रकरण दर्ज किया गया। सहायक आपूर्ति अधिकारी दिलीप मनवारे और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अंकुर गुप्ता ने उक्त कार्रवाई की।

# नेत्र व ईएनटी विकारों के इलाज के लिए इंदौर जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में लगे शिविर





इंदौर। जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में इंदौर जिले के 14 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (12 शासकीय आयुर्वेद, एक होम्योपैथिक एवं एम यूनानी औषधालय) में सामान्य नेत्ररोग एवं नाक-कान-गला संबंधित देखभाल विषय पर विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य ग्रामीण जनसामान्य को नेत्र व ऊर्ध्वजत्रगत (नाक, कान, गला) रोगों के प्रति जागरूक करना एवं प्रारंभिक अवस्था में रोगों की पहचान कर आवश्यक उपचार उपलब्ध कराना था। शिविर में उपस्थित विशेषज्ञों द्वारा अश्रुपात, नेत्रों की लालिमा, धुंधलापन, मोतियाबिंद जैसे सामान्य नेत्र रोगों की जानकारी दी गई तथा समय पर जांच व उपचार के लिए प्रेरित किया गया। इसी प्रकार कान से संबंधित समस्याओं जैसे कर्णबधिरता, कर्णनाद, कर्णगुथ आदि की जांच कर निःशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. हंसा बारिया ने बताया कि लाभार्थियों को प्राणायाम, त्राटक, भ्रामरी आदि योग क्रियाएं कराई गई एवं नस्य कर्म की उपयोगिता समझाई गई। जल नेति, सूत्र नेति जैसी प्रक्रियाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। शिविर में गाजर जैसे प्राकृतिक आहार के नेत्र स्वास्थ्य में लाभ के बारे में बताया गया। साथ ही बरसात के मौसम में नेत्र रोगों से बचाव तथा बच्चों को मोबाइल, टीवी, लैपटॉप के दुष्प्रभाव से बचाने के लिए उपयोगी सुझाव दिए गए।

इस अवसर पर कुल 778 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं उन्हें निःशुल्क औषधि वितरित की गई। शिविर का संचालन चिकित्साधिकारी, सीएएमओ, कंपाउंडर, दवासाज एवं महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की टीम द्वारा किया गया।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# आपरेशन सिंदूर की सफलता पर आज शहर में निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा



उज्जैन। आपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा संयुक्त रूप से शुक्रवार को मा. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की गरिमामय उपस्थिति में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

शुक्रवार 16 मई को निकाली जाने वाले भव्य तिरंगा यात्रा के सफल आयोजन को लेकर गुरूवार को सिंहस्थ मेला कार्यालय में राज्यसभा सांसद श्री उमेश नाथ जी महाराज, विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर श्री मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव, कलेक्टर श्री रोशन कुमार सिंह, निगम आयुक्त श्री आशीष पाठक, नगर भाजपा अध्यक्ष श्री संजय अग्रवाल द्वारा सिंहस्थ मेला कार्यालय पर पार्षदों, जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न सामाजिक संगठन, संस्थाओं के पदाधिकारियों से चर्चा की गई तथा तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की गई।

तिरंगा यात्रा का उद्देश्य भारतीय सेना को सम्मान एवं भारत सरकार को धन्यवाद देना है। तिरंगा यात्रा शुक्रवार को सायं 05.00 बजे शहीद पार्क से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए फवारा चौक पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए समाप्त होगी। तिरंगा यात्रा में पुलिस बैंड, स्काउट गाइड का बैंड, बोहरा समाज का बैंड, एक बड़ा ध्वज तिरंगा रैली में सम्मिलित होगा।

राज्यसभा सांसद श्री उमेश नाथ जी महाराज, विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर श्री मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव, कलेक्टर श्री रोशन कुमार सिंह, निगम आयुक्त श्री आशीष पाठक द्वारा शहर के नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे अपने घरों से निकले एवं इस तिरंगा यात्रा में शामिल होकर यात्रा को सफल बनाएं।

बैठक में सम्मिलित विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों द्वारा एक स्वर में तिरंगा यात्रा में शामिल होने के साथ ही यात्रा के पुष्प वर्षा से स्वागत किये जाने की बात कही गई।

इस दौरान बैठक में सिंहस्थ प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष दिवाकर नातू, पूर्व विधायक राजेंद्र भारती, शहर काजी खली कुर्रेहमान, एमआईसी सदस्य डॉ योगेश्वरी राठौर, पार्षद हेमंत गहलोत, दिलीप परमार, रामेश्वर दुबे, नगर उपाध्यक्ष जगदीश पांचाल, मुकेश यादव, अपर आयुक्त संदीप शिवा, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, संजेश गुप्ता, मनोज मौर्य, श्रीमती आरती खेडेकर उपस्थित रहे।


# दिगंबर के धर्मगुरु आचार्यश्री ने धर्मांधों को समझाते हुए कहा 'धर्म के मर्म को समझो'



उज्जैन। अज्ञानता ही सर्व अनर्थों की जड़ है। धर्म भी जानकर करना चाहिए, धर्म के नाम पर हिंसक क्रिया कर कर्मबंध नहीं करना चाहिए। सर्वप्रथम सच्चे धर्म के मर्म को समझना चाहिए, हिंसा में धर्म नहीं, असत्य में धर्म नहीं, चोरी में धर्म नहीं, कुशील में धर्म नहीं, परिग्रह में धर्म नहीं, क्रोध मान माया लोभ में धर्म नहीं, अन्याय, अनीति, आतंक में किंचित भी धर्म नहीं हो सकता है, दुख के संपूर्ण कारण अधर्म ही हैं, धर्मात्मा बनो पर धर्मांध मत बनो। धर्म के नाम पर अनर्थ मत करो, पहले धर्म को जानो फिर मानो, पथ परंपरा संप्रदायों में धर्म नहीं विश्भमवादों में शांति नहीं।

यह बात उज्जैन में विराजित दिगंबर के मुकुट मणि, आध्यात्मिक योगी, पट्टाचार्य जैन धर्म गुरु विशुद्ध सागर जी ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही। भारत पंड्या एवं गौरव लुहाड़िया ने बताया कि आचार्यश्री का पाद प्रक्षालन पवन सेठी परिवार द्वारा किया गया। धर्म सभा का संचालन प्रदीप झांझरी ने किया। इस दौरान जयसिंहपुर के कार्यक्रम की जानकारी अनिल गंगवाल ने दी। दिगंबर के धर्मगुरु आचार्यश्री ने धर्मांधों को समझाते हुए कहा कि जो स्व पर, जगत के संपूर्ण प्राणियों को सूखकर हो कल्याणकारी हो आनंद पूर्ण हो वही सच्चा धर्म है। जो सुख दे सुख की प्राप्ति कारण वही सच्चा और अच्छा धर्म हो सकता है। धर्म पक्षातित, पंथातित होता है। अहिंसा धर्म है, सत्य धर्म है, अचौर्य धर्म है, ब्रह्मचर्य धर्म है, अपरिग्रह धर्म है। क्षमा भाव, विनम्रता, विवेक, सत्य, संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य, दया, करुणा धर्म रूप हैं। आत्म कल्याण

## हुकमचंद कछवाय पूर्व सांसद मेमोरियल ट्रस्ट ने अर्पित की अरुण वर्माजी को श्रद्धांजलि



उज्जैन। नगर मुख्य संगठक सेवादल एवं वरिष्ठ समाजसेवी श्री अरुण वर्मा जी को कछवाय निवास पर एक शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

ट्रस्ट के संरक्षक एवं पूर्व पार्षद सुनिल कछवाय, जिला क्रिकेट संघ के सचिव सुरेंद्र काबरा, जिला अभिभाषक संघ के सदस्य देवेन्द्र सिंह तौमर, विजय यादव ( घोटु भैया), नरेन्द्र लश्करी, भूपेन्द्र कछवाय, मनोज शांडिल्य, नरेंद्र कछवाय, शैलेन्द्र परमार, सुनिल नीमा, संजय श्रीवास्तव, राहुल कछवाय आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## अक्षत इंटरनेशनल स्कूल में हुआ म.प्र. बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियो का सम्मान



उज्जैन। अक्षत इंटरनेशनल स्कूल, उज्जैन के मेनेजमेंट द्वारा म.प्र. बोर्ड में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में सर्वोत्तन अंको के साथ उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियो व उनके पालकों का सम्मान शाल, श्रीफल व पुरूस्कार वितरण कर किया गया।

सम्मान समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि आनंद पंड्या, विशेष अतिथि एकेडेमिक डायरेक्टर सरोज वागले उपस्थित रही। सभी ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए एक अच्छा व सफल व्यक्ति बनने की शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेन्द्र जोशी द्वारा की गई। आभार राहुल पंड्या ने माना। इस अवसर पर पल्लवी दिवाकर, अश्विन चौकड़े, अंकिता सूद, वैशाली पार्नेरकर मोजूद रही। यह जानकारी सी.सी.ओ. राखी मेहता ने दी।

# मंदिरों में पुजारी की नियुक्ति में जाति आधारित आरक्षण के विरुद्ध अजाक्स की जनहित याचिका पर सुनवाई शुरू

उज्जैन। मध्य प्रदेश राज्य द्वारा एक जाति विशेष को मंदिरो में पुजारी नियुक्त करने तथा राज्य कोष से वेतन दिए जाने की नीति को बताया असंवैधानिक।मध्य प्रदेश शासन के अध्यात्म विभाग, भोपाल द्वारा दिनांक 04.10.2018 एवं 04.02.2019 तथा मध्य प्रदेश विनिर्धिष्ट मंदिर विधेयक 2019 की संवैधानिकता को हाईकोर्ट मे चुनोती।

अजाक्स संघ के उज्जैन संभागीय अध्यक्ष जगन्नाथ बागड़ी एवम जिला अध्यक्ष डॉ आर एल परमार ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य कंट्रोल्ड मंदिरो में जाति विशेष के लोगो को नियुक्ति देने से सम्वधित राज्य सरकार के कानून को अजाक्स संघ ने हाईकोर्ट में दी चुनौती, नोटिस जारी। जबलपुर 13/05/2025-- मध्य प्रदेश हाईकोर्ट जबलपुर में अजाक्स संघ द्वारा जन हित याचिका दायर करके, मध्य प्रदेश शासन के अध्यात्म विभाग, भोपाल द्वारा दिनांक 04.10.2018 एवं 04.02.2019 तथा मध्य प्रदेश विनिर्धिष्ट मंदिर विधेयक 2019 की संवैधानिकता को हाईकोर्ट मे चुनोती दी गई है। उक्त जनहित याचिका क्रमांक 16613/2025 की प्रारंभिक सुनवाई मुख्य न्यायमूर्ति श्री सुरेश कुमार कैत तथा विवेक जैन की खंडपीठ द्वारा की गई। याचिका कर्ता की ओर से पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर एवं पुष्पेंद्र शाह द्वारा कोर्ट को बताया गया की मध्य प्रदेश शासन द्वारा विनिदिष्ट मंदिर विधेयक 2019 की धारा 46 के तहत अनूसूची-एक मे मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध मंदिरो तथा आधीनस्थ मंदिरो, भवन तथा अन्य संरचनाओ सहित लगभग 350 से अधिक मंदिरो को अधिसूचित किया गया है, तथा अधिसूचित मंदिरो को मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य कंट्रोल्ड़ के अधीन रखा गया है, जिनमे पुजारियों की नियुक्तियों से संवन्धित राज्य सरकार के अध्यात्म विभाग ने दिनांक 04.02?2019 को पालिसी/कानून बनाया गया है, जिसके तहत केवल एक विशेष जाति (ब्राह्मण) को ही पुजारी के पद पर नियुक्ति दिए जाने की व्यवस्था की गई है तथा नियुक्त पुजारी को राजकोष से निर्धारित वेतन का भुगतान किए जाने का भी प्रावधान किया गया है। अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया की उक्त सभी प्रावधान, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14,15,16 तथा 21 से असंगत है, जो शून्यकरणीय है। अधिवक्ता ने कोर्ट को यह भी बताया की हिन्दू समुदाय मे वर्ग भी शामिल है फिर हिन्दू संप्रदाय की केवल एक जाति को ही पुजारी नियुक्त किया जाना भारतीय संविधान से असंगत है। राज्य शासन की ओर से डिप्टी एडवोकेट जनरल अभीजीत अवस्थी द्वारा उक्त जनहित याचिका की प्रचलनशीलता पर प्रश्न उठाया गया की, याचिकाकर्ता अजाक्स एक कर्मचारियो का संगठन है जिसे उक्त याचिका दाखिल करने का कानूनी अधिकार नही है, तब वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने ने कोर्ट को बताया की सदियो से मंदिरो मे पूजा पाठ करने का काम एक जाति (ब्राह्मण) ही करता आ रहा है, जिसमे राज्य सरकार का कोई दखल नही रहा है, चूकी 2019 से राज्य सरकार ने धार्मिक मामलो मे दखल देकर सेलरी वेस पुजारी नियुक्त किए जाने का कानून बनाया है, जिसकी जानकारी आम जनता (हिन्दू समुदाय) को नही है, क्यूकी उक्त समुदाय आज भी यही जानता है, की मंदिरो मे पूजा करने तथा पंडित, पुजारी बनने का अधिकार सिर्फ ब्रह्मण वर्ग को ही प्राप्त है, जिसे बीपी मण्डल आयोग तथा रामजी महाजन आयोग ने हिन्दू धर्म शास्त्रो का अध्ययन करके सरकार के समक्ष प्रस्तुत अपनी रिपोर्टो मे विस्तृत व्याख्या की गई है।

# सलाद सजाने से आप परिवार का दिल जीत सकतीं हैं – उर्मिला बागड़िया



उज्जैन। जज़्बा के निःशुल्क समर कैंप में सलाद कटिंग और डेकोरेशन सत्र आयोजित किया गया। हारून नागौरी और असलम मंसूरी ने बताया कि भार्गव मार्ग स्थित जामिया इस्लामिया स्कूल में उर्मिला बागड़िया द्वारा संचालित इस सत्र में बच्चों को कई तरह के सलाद बनाना और सजाना सिखाया गया। सबुल हसन और सलीम देहलवी ने बताया कि इस अवसर पर शाहिदा नईम खान ने संबोधित करते हुए कहा कि सलाद कटिंग और डेकोरेशन से आप अपने परिवार का दिल जीत सकते हैं। भुरू शेख और इरशाद नागौरी ने बताया कि रुबीना सरफ़राज़ कुरेशी ने कहा कि भोजन में सलाद का महत्वपूर्ण स्थान है। अच्छे भोजन से पहले अच्छे सलाद का होना निहायत ज़रूरी है। अतहर आलम अंसारी और इमरान ख़ान खान ने बताया कि शबनम वसीम अब्बास ने कहा कि छात्राओं के आगामी भावी जीवन में सलाद डेकोरेशन एक नई दिशा देता है। इंसाफ कुरेशी और आरिफ़ ख़ान ने बताया कि शगुफ़्ता फ़रीद कुरेशी ने कहा कि सलाद सजाने से महिलाएं अपने परिवार का दिल जीत सकती हैं। इंजीनियर जावेद कुरेशी और वसीम अब्बास ने बताया कि कार्यक्रम संचालन नईम खान ने किया और आभार मंसूर हुसैन ने माना। इस अवसर पर बच्चों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और बच्चों को पुरस्कार भी वितरित किए गए।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com